## सार-समाचार

### धोरीमन्ना में धरना-प्रदर्शन जारी

**धोरीमन्ना**, (निसं)। बालोतरा जिले में गुडामालानी और धोरीमना को सम्मिलित किए जाने के निर्णय के विरोध में धोरीमना कस्बे में चल रहा धरना प्रदर्शन शनिवार को 9वें दिन भी पूरी मजबूती के साथ जारी रहा। बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता धरना स्थल पर पहुंचे, जिससे भीड़ और आक्रोश दोनों में इजाफा देखने को मिला। धरना स्थल पर पूर्व मंत्री हेमाराम चौधरी लगातार नौ दिनों से धरने पर डटे हुए हैं और आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं। उनके साथ सांसद उम्मेदाराम बेनीवाल, चौहटन के पूर्व विधायक पदमाराम मेघवाल, पुष्पा चौधरी (पूर्व प्रधान), आजाद सिंह राङ्गौड, डालूराम चौधरी (पूर्व उप-प्रमुख), फतेह खान, खरताराम (पूर्व प्रधान, बाडमेर), ठाकराराम माली सहित कांग्रेस सचिव पीएससी एवं कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और कई वरिष्ठ जनप्रतिनिधि धरना स्थल पर मौजूद रहे। सभी नेताओं ने एक स्वर में प्रशासन के फैसले का विरोध करते हुए कहा कि जनता की सहमति और क्षेत्र की वास्तविक परिस्थितियों को नजरअंदाज कर लिया गया यह निर्णय जनभावनाओं के खिलाफ है। वक्ताओं ने मांग की कि गुडामालानी और धोरीमना को बालोतरा जिले में सम्मिलित करने के निर्णय पर तुरंत पुनर्विचार किया जाए। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो धरना प्रदर्शन को और अधिक व्यापक व तेज किया जाएगा। धरना स्थल पर शांतिपूर्ण लेकिन निर्णायक माहौल रहा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं व आमजन ने साफ शब्दों में कहा कि मांगें पूरी होने तक धरना प्रदर्शन लगातार जारी रहेगा।

### 600 किलो अमानक पनीर पकड़ा

**रेवदर**, (निसं)। सिरोही–जिला कलक्टर अल्पा चौधरी के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर दिनेश खराडी के निर्देशानुसार शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत जिले में लगातार कार्रवाई जारी है ।डॉक्टर खराडी ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान टी शुभ मंगला के निर्देशानुसार खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जाचने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा दल सिरोही के द्वारा शनिवार निरीक्षण के दौरान एफएसओ मुकेश प्रजापत एवं धर्मवीर रेगर ने लगभग 600 किलोग्राम मात्रा में खाद्य पदार्थ पनीर जो कि एक इको गाडी में गुजरात से सिरोही जिले में सप्लाई के लिये लाया गया था, जिसे विक्रेता द्वारा सस्ती दरों पर विक्रय किया जा रहा था, विक्रेता के पास खाद्य अनुज्ञा एवीएम बिल आदि नहीं पाये गए को पकडा ।मौके पर सीएमएचओ डॉ दिनेश खराडी पहुंचे,उक्त पनीर स्वाद में खट्टा एवं सूंघने पर बदबूदार पाया गया,मिलावट के संदेह पर मोके पर ही मोबाइल फूड लैब को मंगवाकर जाँच की गई जिसमे अमानक पाया गया । विक्रेता द्वारा उक्त पनीर सिरोही हाईवे स्थित जिन होटलों में सप्लाई किया जा रहा था ,उन पर भी टीम द्वारा निरीक्षण कर कार्रवाई की जायेगी ।उक्त पनीर को टीम द्वारा मौके पर नमूनीकरण किया गया तथा नियमानुसार जेसीबी मंगवाकर नष्टिकरण की कार्रवाई भी की गई एवं लिए गए पनीर के नमूने जांच हेतु खाद्य सुरक्षा प्रयोगशाला जोधपुर भिजवाये गए । सीएमएचओ खराडी ने सभी खाद्य कारोबारीयो निवेदन किया है कि खाद्य सामग्री बनाने में उच्च गुणवत्ता युक्त सामग्री का उपयोग करने करे,स्वच्छता एवं हाइजीन का विशेष ध्यान रखें द्य खुले तेल ,मसाले इत्यादि नहीं बेचे द्य बिना फूड लाइसेंस खाद्य सामग्री का निर्माण ,भंडारण ,परिवहन या वि य नहीं करे । निर्देशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मानवेन्द्र जसोल की सरहद समृद्धि यात्रा

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। पूर्व सांसद कर्नल मानवेन्द्रसिंह जसोल ने सरहद समृद्धि यात्रा का तीसरा चरण शुक्रवार को विख्यात आस्था स्थल मठ ख्याला से आरम्भ की। सरहदी ग्रामीणों द्वारा मानवेन्द्रसिंह का स्वागत किया गया। सिंह ने कहा कि ये क्षेत्र मेरा अपना घर है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में किसानों के खेत राष्ट्रीय मरु उद्यान क्षेत्र में आने के कारण उनके पुश्तैनी खेतों की खातेदारी नहीं मिल रहीहै सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय मरु उद्यान क्षेत्र में आए खेतों की खातेदारी किसानों को मिलेगी इसके लिए मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत मिलकर उन्हें समस्या की जानकारी देकर इसका समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि खेत के मालिक को खातेदारी नहीं मिलना दुर्भाग्यपूर्ण है। सरहद निवासी जुगतसिंह सोढा ने बताया कि पूर्व कलेक्टर गिरिराजसिँह कुशवाह द्वारा 2014 में 45 सरहदी ग्रामीणों को उनकी गेर खातेदारी खेतों की खातेदारी दिलवाई थी। कुशवाह द्वारा अधिनिस्थ अधिकारी को निर्देश दे कर ग्रामीणों के दरवाजे जा कर उन्हे खातेदारी पहुंचवाई गई थी। अब मेजर मानवेन्द्रसिंह ने जो बीड़ा उठाया है, जल्द ही वो ग्रामीणों को खातेदारी दिलाने में सफलता अर्जित कर लेंगे।

### चोरियों की वारदातों का नहीं खुलासा

**सायला**, (निसं)। उपखण्ड क्षेत्र के आसाणा गांव में पिछले दो साल में हुई चोरी की वारदातों का खुलासा करने की मांग को लेकर शनिवार को ग्रामीणों द्वारा मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग एवं उपखण्ड अधिकारी सूरजभान बिश्नोई के नाम तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि पिछले एक महीने के भीतर गांव में चोरी की दो बडी घटनाएं सामने आई हैं। जिसमे 16 दिसंबर 2025 को अज्ञात चोरों ने भरत कुमार सोनी के मकान और दुकान के ताले तोडकर सोने-चांदी के आभूषण और नकदी पर हाथ साफ किया। जबकि 27 दिसंबर 2025 को उकाराम सुथार के निवास पर चोरों ने धावा बोला, जहाँ से वे सोने-चांदी के गहनों के साथ करीब 5 से 6 लाख रुपये की भारी नकदी लूट ले गए। हैरानी की बात यह है कि ये दोनों ही वारदातें गांव के बीचों-बीच मुख्य चौक पर हुईं, फिर भी पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि पिछले दो वर्षों में गांव में लगभग 7-8 चोरियां हो चुकी हैं। इससे पूर्व गांव के प्रसिद्ध गोगाजी बावसी मंदिर में भी चोरी हुई थी, जिसका राज आज तक नहीं खुल पाया है। बार-बार हो रही इन घटनाओं के कारण पूरे गांव में दहशत का माहौल है और ग्रामीण असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

### इलेक्शन के लिए हस्ताक्षर अभियान

**सायला**, (निसं)। नगर के पुराना बस स्टैण्ड पर स्टूडेंट्स फोर वन नेशन वन इलेक्शन के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान का चलाया गया। अभियान के जालोर जिला विधानसभा क्षेत्र संयोजक प्रशांत रावल ने बताया कि बार-बार चुनाव होने से जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पडता है। साथ ही जो पैसा जनता की सेवा में लगना चाहिए वह चुनाव में खर्च होता है। एक बार चुनाव होने से पैसे की काफी बचत होगी। हस्ताक्षर अभियान में 12 जनवरी तक जिले के सभी कॉलेज कैंपस, इंस्टिट्यूट, कोचिंग सेंटर, विश्वविद्यालयों में चलाया जाएगा। इस दौरान नैनमल लखारा, विक्रमसिंह दहिया, विजय आचार्य, सुरेन्द्रसिंह रावणा, जगदीश राजपुरोहित, महेंद्र वैष्णव, अनिता कुमारी, कविता माली, रेखा कुमारी, नेहा शर्मा, देवेश कुमार, मांगीलाल माली, कैलाश कुमार, दूदाराम आचार्य, श्रवणसिंह, शांतिलाल, विनीत प्रजापत, गणपत कुमार, हुकम सिंह, हरीश राणा, महेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

### 'मनरेगा के लिए गांव-गांव जाएगी कांग्रेस'

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। मनरेगा बचाओ संग्राम को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अमरदीन फ़कीर ने कहा कि तत्कालीन प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहनसिंह की सरकार ने देश के गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को उनके घर के नजदीक सुलभ रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से महात्मा गांधी नरेगा रोजगार गारंटी योजना लागू की थी। लेकिन वर्तमान मोदी सरकार ने इस योजना को धीरे-धीरे कमजोर करते हुए लगभग बंद कर दिया है, जो गरीब और मजदूर वर्ग के साथ अन्याय है।फकीर ने बताया कि मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत रविवार को अंबेडकर पार्क स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष एक दिवसीय उपवास रखा जाएगा। जिला प्रभारी राजेंद्र मूंढ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी मनरेगा को बचाने के लिए गांव-गांव, घर-घर और प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचेगी। पूर्व मंत्री शालेह मोहम्मद, पूर्व विधायक रूपाराम ने भी अपने विचार रखे

### छात्रसंघ चुनाव की मांग, प्रदर्शन किया

**जोधपुर**, (कासं)। प्रदेश में छात्रसंघ चुनाव फिर शुरू करने की मांग को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने शनिवार को यूनिवर्सिटी के केंद्रीय कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। इस दौरान माहेश्वरी समाज के अधिवेशन में शामिल होकर निकल रहे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को ज्ञापन सौंपने के इरादे से कार्यकर्ता आगे बढ़े, लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक लिया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने मुख्य गेट के बाहर ही नारेबाजी शुरू कर दी। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष बबलू सोलंकी ने बताया कि भजनलाल सरकार छात्रसंघ चुनाव करवाने का नाम नहीं ले रही। आज सभी कार्यकर्ता यूनिवर्सिटी केंद्रीय कार्यालय के बाहर इकट्ठा हुए थे, लेकिन पुलिस ने ज्ञापन देने से रोक दिया।

# हिंदी व्याख्याता के तबादले पर भड़के विद्यार्थी, रास्ता रोका

**सायला**, (निसं)। सायला उपखंड क्षेत्र के वालेरा स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पदस्थापित हिंदी व्याख्याता कैलाश कुमार का तबादला बासडा धनजी किए जाने के विरोध में शनिवार को विद्यार्थियों ने स्कूल के मुख्य द्वार पर ताला जड दिया और जमकर नारेबाजी की।

जानकारी के अनुसार, माध्यमिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर द्वारा जारी सूची में व्याख्याता कैलाश कुमार का तबादला वालेरा से बासडा धनजी किया गया है। शनिवार सुबह जैसे ही विद्यार्थी स्कूल पहुँचे, तो उन्हें इस बात की जानकारी मिली।

बोर्ड परीक्षाएं नजदीक होने के कारण छात्र अपने विषय अध्यापक को छोडने को तैयार नहीं थे। देखते ही देखते अभिभावक और ग्रामीण भी छात्रों के समर्थन में स्कूल के बाहर जमा हो गए और तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।

घटना की सूचना मिलने पर अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नेमाराम चौधरी व आरपी सुरेशचन्द्र बेनीवाल मौके पर पहुंचे।

उन्होंने छात्रों को परीक्षाओं का हवाला देकर ताला खोलने की समझाइश की, लेकिन छात्र तबादला निरस्त करने की मांग पर अडे रहे।

कई घंटों तक जब कोई उच्चाधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा, तो आक्रोशित छात्र और ग्रामीण स्टेट हाईवे पर उतर आए और रास्ता जाम कर दिया। इससे सडक के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। सूचना पर एसआई महीपालसिंह पुलिस जाब्ते के साथ पहुंचे और जाम खुलवाकर यातायात सुचारू करवाया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए तहसीलदार लक्ष्मी चौधरी और सीआई सुरेंद्रसिंह भी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों द्वारा विद्यार्थियों को काफी देर तक समझाया गया तथा व्याख्याता कैलाश कुमार के फिलहाल विद्यालय में ही बने रहने के आश्वासन के बाद छात्र शांत हुए और स्कूल का ताला खोला गया। ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निदेशक के नाम ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि विद्यार्थियों के भविष्य को देखते हुए इस तबादले को तुरंत निरस्त किया जाए।

# युवा सप्ताह के पेम्पलेट का विमोचन किया

**जालोर**, (कासं)। हिन्दू युवा संगठन संस्था जालोर की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर युवा सप्ताह 2026 के आयोजन को लेकर शनिवार को पेम्पलेट का विमोचन किया गया।

संस्था महामंत्री अर्जुनसिंह पंवार ने बताया कि स्वामी विवेकानन्द की जयंती के अवसर पर संस्था द्वारा प्रति वर्ष युवा सप्ताह का आयोजन किया जाता है। जिसके तहत वर्ष 2026 में भी युवा सप्ताह 2026 का आयोजन किया जा रहा है, जो 12 से लेकर 18 जनवरी तक चलेगा। उक्त सात दिवसीय कार्यक्रम को लेकर पेम्पलेट तैयार किया गया है।

विमोचन शनिवार को अतिरिक्त जिला कलेक्टर व संस्था के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी के हाथों से किया गया। युवा सप्ताह के तहत 12 जनवरी को नगर परिषद स्थिति स्वामी विवेकानन्द उद्यान एवं अस्पताल चैराहे पर विवेकानन्द स्मृति स्थल पर पुष्पाजंली व वन्दे मातरम गान का आयोजन होगा। 13 जनवरी को चित्रकला प्रतियोगिता विवेकानन्द आदर्श स्कूल, राजेन्द्र नगर व खेलकुद प्रतियोगिता राघव बाल निकेतन कुम्हारो का वास, जालोर में होगा। 14 जनवरी को रक्तदान व रक्तजांच सार्वजनिक अस्पताल जालोर में होगा, 15 जनवरी को भाषण प्रतियोगिता नर्सिंग कॉलेज में होगा। 16 जनवरी को विचार गोष्ठी का आयोजन महावीर आवासीय बधिर छात्रावास में होगा। 17 जनवरी को रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता सावित्रि बाई फूले छात्रावास में होगा। 18 जनवरी को युवा सप्ताह का समापन व सम्मान समारोह जिला परिषद हॉल में होगा। उक्त सप्ताह में विभिन्न प्रतियोगिता व कार्यक्रमों का आयोजन किया जावेगा। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को समापन में सम्मानित किया जावेगा।

कार्यक्रम में संस्थापक अध्यक्ष सुरेश सोलंकी, गजेन्द्रसिंह सिसोदिया दिनेश महावर, रवि सोंलकी, अचलसिंह परिहार, मंयक देवडा रवि गहलोत महेन्द्र राठौड शेलेश दवे, दिनेश बारोट सहित कई जने उपस्थित थे।

## बैग छीनकर भागा बाइक सवार पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। अणदाराम स्कूल चौराहा के पास में स्कूटी सवार महिला से लूट हो गई। बाइक सवार बदमाश युवती की स्कूटी के आगे रखा बैग झपट कर ले गया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को दस्तयाब कर लिया। अग्रिम जांच के साथ ही आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

चौपासनी हाउसिंग बोर्ड पुलिस ने बताया कि उम्मेद चौक स्थित चौहानजी का नोहरा कृष्ण मंदिर के पास रहने वाली सोनू पत्नी संतोष बंसल अपनी स्कूटी लेकर अणदाराम स्कूल चौराहा के पास से निकल रही थी। तब एक बाइक सवार बदमाश आया और स्कूटी के आगे रखा बैग झपट कर ले गया। बाद में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने आस पास लगे सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की पहचान कर उसे दस्तयाब किया है। उससे अग्रिम पूछताछ की जा रही है।

## निरीक्षण किया

**पाली**, (नि.सं.)। शिकायत विभाग की ओर से राजकीय विद्यालयों में चल रहे औचक निरीक्षण के तहत विभागीय अधिकारियों द्वारा शनिवार को राजकीय विद्यालयों का निरीक्षण किया गया।

इसी क्रम में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक तेज सिंह पंवार ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय गुड़ा गंगा,महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय कारवाड़ा, गुंडासरी, कुंडाल, चामुंडेरी राणावतान आदि विद्यालयों का निरीक्षण किया ।इस दौरान उन्होंने पोषाहार व्यवस्था, शिक्षण कार्य, प्रखर राजस्थान, पुस्तकालय, कार्मिक उपस्थिति पंजिका एवं विद्यालयों की समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए शिक्षण में निरंतरता, अनुशासन और व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बात कही। इस मौके पर भोपाल सिंह, रघुवीर सिंह, संजय कुमार, निशा शर्मा, माणक चंद, जितेंद्र कुमार,विनोद परिहार,सुरेश कुमार, दीपक चौहान आदि मौजूद रहे।

# अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं दिलाना प्राथमिकता : देवासी

**रेवदर**, (निसं)। सिरोही, राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी के मुख्य आतिथ्य में गोयली में शनिवार को पीएचसी भवन का शिलान्यास किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज राज्य मंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि क्षेत्र में अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं मिले ये उनकी प्राथमिकता है और इसमें कोई कसर नहीं छोडी जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास का काम सामूहिक प्रयासों से संपन्न होता है इसलिए ग्रामवासियों का पूर्ण सहयोग लेते हुए समय समय पर विकास कार्य करवाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि पीएचसी का कार्य जनभावना के अनुरूप किया जाएगा। उन्होंने इस दौरान पूर्व में गोयली में किए गए गौरव पथ व पानी की टंकियों आदि के कार्य के बारे में भी बताया साथ ही ये भी बताया कि पीएचसी के निर्माण कार्य के लिए लगभग 1 करोड 82 लाख का खर्च होगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों को आगे भी विकास कार्यो के लिए सदैव सहयोग देने के लिए आश्वस्त किया।

सांसद लुंबाराम चौधरी ने अपने संबोधन में पीएचसी के निर्माण के संबंध में खुशी जताते हुए कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में विकास के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा द्वारा जो कार्य करवाए जा रहे हैं वो अभूतपूर्व है उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा हर वर्ग के कल्याण के लिए योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने इस दौरान प्रत्येक पात्र से जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील भी की।

कार्यक्रम में अतिथियों ने वैदिक विधि विधान से पीएचसी का शिलान्यास किया। इस दौरान जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित,प्रधान हंसमुख कुमार, जिला परिषद सदस्य महेंद्र कुमार राणा,पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मण सिंह सोलंकी,प्रशासक राजु कुंवर,कांतिलाल पुरोहित, शंकर लाल देवासी, नाथूराम मेघवाल, हार्दिक देवासी, नैन सिंह, तेजसिंह सोलंकी,उपखंड अधिकारी हरिसिंह देवल,विकास अधिकारी मंछाराम, सीएमएचओ डॉ दिनेश खराडी, बीसीएमओ विवेक जोशी सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

# क्रीड़ा भारती पाली की कबड्डी प्रतियोगिता शुरू

**पाली**, (नि.सं.)। क्रीड़ा भारती पाली द्वारा आयोजित कबड्डी खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ शनिवार को राजकीय बांगड़ महाविद्यालय परिसर में किया गया। प्रतियोगिता में कुल 132 टीमों ने भाग लिया।

कबड्डी प्रतियोगिता का पहला मुकाबला बुजुर्ग वर्ग एवं युवा वर्ग की टीमों के मध्य खेला गया, जिसका टॉस पशुपालन, डेयरी, गोपालन एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत तथा क्रीड़ा भारती पाली के पदाधिकारियों द्वारा सिक्का उछालकर किया गया। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने अपने उद्बोधन में कहा कि शरीर और मस्तिष्क को स्वस्थ एवं सुदृढ़ बनाए रखने के लिए खेल अत्यंत आवश्यक हैं। खेलों को सदैव खेल भावना से खेलना चाहिए। खेलों से शारीरिक व्यायाम, सकारात्मक सोच तथा तंदुरुस्ती बनी रहती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी भारतीय एवं राजस्थानी पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं तथा विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं।

उन्होंने कहा कि कबड्डी हमारा पारंपरिक भारतीय खेल है, जिसने राष्ट्र एवं राज्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।, ऐसे में खेल शारीरिक एवं मानसिक विकास के साथ-साथ अनुशासन की सीख भी प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय पारंपरिक खेल धीरे-धीरे विलुप्त हो रहे हैं, जिन्हें संरक्षित करने के लिए क्रीड़ा भारती पाली द्वारा किया जा रहा प्रयास सराहनीय है।

क्रीड़ा भारती पाली अध्यक्ष पृथ्वीसिंह, योगेन्द्र, जनप्रतिनिधि सुनील भण्डारी, पुखराज पटेल सहित शिक्षा विभाग के अधिकारी, पुलिस प्रशासन के अधिकारी एवं क्रीड़ा भारती पाली के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## सूने मकान में चोरी

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के अंदरूनी क्षेत्र कोलरी का मोहल्ला खांडाफलसा में एक सूने मकान में चोरों ने सैंध लगाकर वहां से लाखों के आभूषण चोरी कर लिए। पुलिस ने इस बारे में केस दर्ज किया है। पुलिस ने जल्द ही प्रकरण खुलासे की बात की है। चोरी गए सामान का ब्यौरा पुलिस ने फिलहाल नहीं बताया है।

खांडा फलसा पुलिस के अनुसार कोलरी मोहल्ला जैन मंदिर के सामने हाल शोभावतों की ढाणी अशोक नगर मंगलम कॉलोनी में रहने वाले अनिल पुत्र सूरज प्रकाश सोनी की तरफ से रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसका एक पैतृक मकान भीतरी शहर कोलरी मोहल्ला में है। 8 जनवरी की रात को इसमें चोरी हो गई। अज्ञात चोर लाखों के जेवरात नगदी चोरी कर ले गए। पुलिस ने बताया कि मामले में सुराग हाथ लगा है।

## बालिकाओं के लिए शौचालय बने

**जोधपुर**, (कासं)। श्री गुमान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय इन्द्रोका में एचपीसील मित्तल एनर्जी द्वारा बालिकाओं के लिये करीब 5 लाख की लागत से 4 यूरिनल 2 शौचालय का निर्माण किया गया।

कंपनी के अधिकारियों ने आज कार्य पूरा कर प्रधानाचार्य विजय सिंह राठौड़ कोबालिकाओ के उपयोग के लिये सौपा। प्रधानाचार्य विजय सिंह राठौड़ व समस्त स्टॉफ सहित शाला परिवार के बच्चों ने एचपीसीएल के अधिकारियों का आभार जताया।

## ठगी का मामला

**जोधपुर**, (कासं)। प्रतापनगर सदर थाना क्षेत्र संजय गांधी कॉलोनी में रहने वाले एक युवक से ऑनलाइन ट्रेडिंग कारोबार करने के नाम पर 4.20 लाख की धोखाधड़ी की गई। पीड़ित ने दो लोगों को नामजद कर रिपोर्ट दी है।

पुलिस ने बताया कि संजय गांधी कॉलोनी निवासी नरेंद्र पुत्र ओमप्रकाश चौहान ने यह रिपोर्ट दी।

# पोलो टूर्नामेंट का फाइनल आज

**जोधपुर**, (नि.सं.)। जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के तत्वावधान में महाराजा गजसिंह स्पोर्ट्स फाउण्डेशन पोलो मैदान, लेफ्टिनेंट जनरल पीवीएसएम, एवीएम एच.एच. महाराजा उम्मेदसिंह जी एयरपोर्ट रोड़, पाबूपुरा में चल रहे 26वें जोधपुर पोलो सीजन 2025 में शनिवार 10 जनवरी को राजपूताना एण्ड सेन्ट्रल इण्डिया कप (8 गोल) टूर्नामेंट के तहत खेले गये सेमीफाइनल मैचों में पहला मैच दोपहर 2 बजे ऑप्टिमस अचीवर्स व क्राईसिल/सुहाना टीमों के बीच व दूसरा मैच जोधपुर व नेवी पोलो सेन्ट्रल एकेडमी टीमों के बीच दोपहर 3.00 बजे खेला गया। पहले मैच में अचीवर्स टीम ने तीन के मुकाबले चार गोल कर व दूसरे मैच में जोधपुर ने तीन के मुकाबले नौ गोल कर छह गोल के अन्तर से जीत दर्ज करते हुए फाइनल में प्रवेश किया।

मैच के दौरान जोधपुर पोलो के मुख्य संरक्षक पूर्व महाराजा गज सिंह जी व युवराज शिवराज सिंह, युवरानी गायत्री राज्ये, भंवर बाईजीलाल वारा राज्ये तथा राज भंवर सिराज देव मैदान में उपस्थित थे। भंवर सिराजदेव ने दूसरे मैच की पहली गेंद फेंककर खेल की विधिवत् शुरुआत करवायी।

जोधपुर पोलो एवं इक्यूस्टेरियन इंस्टीट्यूट, जोधपुर के मानद सचिव इन्द्रजीत सिंह नाथावत ने बताया कि पहले सेमीफाइनल में अचीवर्स टीम की ओर से खेलते हुए टीम के विदेशी खिलाड़ी छह हैण्डीकेप के अलेजो आर्मबुरु ने पहले, दूसरे व तीसरे चक्कर में एक-एक गोल व साथी खिलाड़ी चार हैण्डीकेप के सैय्यद शमषेर अली ने दूसरे चक्कर में एक गोल किया।

मुकाबले में क्राईसिल/सुहाना टीम की ओर से खेलते हुए टीम के छह हैण्डीकेप के ही विदेशी खिलाड़ी मथायल व्याल ने पहले, दूसरे व तीसरे चक्कर में एक-एक गोल किया। दोनों ही टीमों के बीच चौथे चक्कर में कोई गोल नहीं किया गया।

उन्होंने बताया कि दूसरे सेमीफाइनल में नेवी पोलो टीम के चार हैण्डीकेप के अर्जेन्टीना के खिलाड़ी डेनियल ओटामेंडी ने पहले चक्कर में एक व तीसरे चक्कर में दो गोल किए। मुकाबले में जोधपुर टीम के चार हैण्डीकेप के अर्जेन्टीना के खिलाड़ी जरार्डो मजीनी ने पहले व चौथे चक्कर में एक-एक गोल व दूसरे चक्कर में दो गोल किए।

साथी खिलाड़ी दो हैण्डीकेप के धुरवपाल गोदारा ने पहले चक्कर में एक व दूसरे चक्कर में दो गोल तथा धनन्जयसिंह राठौड़ ने पहले चक्कर में व दो हैण्डीकेप के खिलाड़ी हैदराबाद के सलीम आजमी ने चौथे चक्कर में एक-एक गोल किया।

दोनों ही मैचों के अम्पायर अर्जेन्टीना के निकोलस स्कोर्टीचीनी व उदय कलान थे, पहले मैच के रैफरी नवीन सिंह व दूसरे मैच के रैफरी अंगद कलान रहे। मैच की कॉमेन्ट्री राजवी शैलेन्द्र सिंह व सिद्धार्थ सिंह रोहिट ने संयुक्त रूप से की।

रविवार 11 जनवरी को राजपूताना एण्ड सेन्ट्रल इण्डिया कप (8 गोल) टूर्नामेंट का फाइनल जोधपुर व ऑप्टिमस अचीवर्स टीमों के बीच दोपहर 3.00 बजे खेला जायेगा।

## सार-समाचार

### लखावत ने पैनोरमा का अवलोकन किया

**जालोर**,(नि.सं.)। राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने शनिवार को प्रातः भीनमाल पहुंच महाकवि माघ तथा गणितज्ञ ब्रह्मगुप्त पैनोरमा का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा कॉलेज, स्कूल के छात्र - छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के माध्यम से महाकवि माघ तथा महान गणितज्ञ ब्रह्मगुप्त के जीवन दर्शन, कार्यो की जानकारी देने की बात कही। उहोंने कहा कि महाकवि माघ तथा गणितज्ञ ब्रह्मगुप्त हमारी महान ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत है। इनके लिखे ग्रंथों से हमे प्राचीन भारतीय काव्य तथा विज्ञान की जानकारी मिलती है। वही राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने इससे पहले शनिवार सुबह जिला मुख्यालय पर पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक जालोर परिसर में वीरमदेव कान्हडदेव चौहान पैनोरमा के निर्माणाधीन कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने पैनोरमा निर्माण के छत निर्माण कार्य का अवलोकन कर गुणवत्ता पूर्ण निर्माण व मजबूत स्ट्रक्चर बने इस पर विशेष ध्यान की बात कही। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर लगभग चार करोड लागत से भव्य वीर वीरमदेव कान्हडदेव चौहान पैनोरमा का निर्माण किया जाएगा।

### केंद्रीय गृह मंत्री व मुख्यमंत्री का स्वागत

**जोधपुर**, (कासं)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शुक्रवार देर रात करीब साढ़े बारह बजे यहां पहुंचे। उनके जोधपुर आगमन पर एयरफोर्स स्टेशन पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनका स्वागत किया।इससे पहले मुख्यमंत्री शुक्रवार रात करीब 10 बजे ही अपने दो दिवसीय दौरे पर जोधपुर पहुंच चुके थे। इस दौरान केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। शाह के स्वागत में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और जनप्रतिनिधियों का हुजूम उमड़ पड़ा। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार रात करीब 10 बजे जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचे। वहां संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल और राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत की अगुआई में उनका स्वागत किया गया। गृह मंत्री शाह के स्वागत में सीएम शर्मा संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, राज्यसभा सांसद राजेंद्र गहलोत, जीव जंतु कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष जसवंत सिंह विश्नोई, शहर विधायक अतुल भंसाली, सूरसागर विधायक देवेंद्र जोशी और शेरगढ़ विधायक बाबू सिंह राठौड़, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल भी शामिल रहे। इनके अलावा पूर्व राज्यसभा सांसद नारायण पंचारिया, पूर्व राज्यमंत्री प्रो. महेंद्र सिंह राठौड़, मेघराज लोहिया, भाजपा देहात जिलाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह भाटी, ज्योति ज्याणी, संभागीय आयुक्त डॉ. प्रतिभा सिंह, जिला कलेक्टर गौरव अठावाल और पुलिस आयुक्त ओमप्रकाश सहित कई अधिकारियों ने भी अगवानी की।

### हिंदू सम्मलेन की तैयारी पर चर्चा

**रेवदर**, (निसं)। रेवदर के निकट भटाना कस्बे के आदर्श विधा मंदिर माध्यमिक में शनिवार को बैठक रखी गई। राष्टीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रस्तावित हिंदू सम्मेलन की तैयारी व व्यवस्थाओं को लेकर भटाना मंडल की बैठक हुई। इसमें हिंदू समाज के विभिन्न वर्गों से जुडे लोग, सामाजिक कार्यकर्ता और स्वयंसेवक शामिल - हुए। सम्मेलन के उद्देश्य और स्वरूप पर चर्चा की। आयोजन स्थल की व्यवस्थाओं, कार्यक्रम न की रूपरेखा और संचालन से जुडे बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श हुआ। सर्वसम्मति से हिंदू सम्मेलन की तिथि तय की, जिसकी औपचारिक घोषणा शीघ्र की जाएगी। वक्ताओं ने कहा कि सम्मेलन समाज में एकता, सांस्कृतिक चेतना और सामाजिक समरसता को मजबूत करेगा। सम्मेलन को सुव्यवस्थित और प्रभावशाली बनाने के लिए आवश्यक तैयारियों पर जोर दिया गया। अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी सहमति बनी।

### क्षितिज खेल महोत्सव का आयोजन हुआ

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर स्थित डॉ. एस.एन. मेडिकल कॉलेज में 9 एवं 10 को क्षितिज खेल महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस टूर्नामेंट का आयोजन बैच 023 द्वारा किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल महोत्सव के दौरान क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल, कबड्डी एवं लॉन टेनिस के मुकाबले खेले गए। सभी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। क्रिकेट मैच में बैच 022 ने बैच 023 को 6 विकेट से हराया।लॉन टेनिस में बैच 024 ने बैच 020 को 6-4 से विजय प्राप्त की। फुटबॉल प्रतियोगिता में बैच 021 ने बैच 020 को 5-3 से पराजित किया। वहीं बैडमिंटन में बैच 023 ने बैच 024 को 21-17 से हराया। कबड्डी मुकाबले में बैच 025 ने बैच 021 को 21-14 से हराया।

### घनश्याम ओझा को सांत्वना दी

**जोधपुर**, (कासं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को जोधपुर में लघु उद्योग भारती के निवर्तमान अध्यक्ष एवं पूर्व महापौर घनश्याम ओझा के निवास पर पहुंचे तथा उनकी स्वर्गीय धर्मपत्नी शांति देवी ओझा को श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकसभा अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाया व शोक संवेदना व्यक्त की तथा ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करने की प्रार्थना की। इस अवसर पर संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल, उद्योग राज्यमंत्री के.के. विश्नोई, राज्य जीव जंतु कल्याण बोर्ड अध्यक्ष जसवंत सिंह बिश्नोई, विधायक अतुल भंसाली, देवेंद्र जोशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अब नए कानून में रोजगार की कोई गारंटी नहीं : रमिला मेघवाल

**जालोर** , (कासं)। केन्द्र की भाजपा सरकार द्वारा ग्रामीण आजीविका पर निर्णय को देखते हुये जिला कांग्रेस कमेटी जालोर ने मनरेगा बचाओ संग्राम जन आंदोलन के तहत 10 जनवरी को दोपहर 2 बजे राजीव गांधी भवन जालोर में अभियान के शुभारम्भ के लिए प्रेस वार्ता आयोजित की।

प्रेस वार्ता को सम्बोधित करते हुए जिला प्रभारी सुमन यादव ने कहा कि नया वीबी-ग्राम-जी अधिनियम इस पूरे ढांचे से एक मौलिक विचलन है। यह काम की वैधानिक गारंटी को समाप्त करता है, निर्णय प्रक्रिया का केन्द्रीकरण केन्द्र सरकार के हाथों में करता है, ग्राम सभाओं और पंचायतों को कमजोर करता है तथा केन्द्र के मजदूरी अंशदान को लगभग 90 प्रतिशत से घटाकर 60 प्रतिशत कर देता है, जिससे वित्तीय बोझ राज्यों और श्रमिकों पर डाल दिया जाता है। कार्यक्रम से महात्मा गांधी के नाम को हटाया जाना भी श्रम की गरिमा और ग्राम स्वराज के उन मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास दर्शाता है जिन पर मनरेगा आधारित है।

जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल ने कहा कि मनरेगा ने पहले केंद्र का 90 प्रतिशत एवम राज्य का 10 प्रतिशत हिस्सा रहता था अब नए कानून के तहत यह हिस्सेदारी केंद्र की 60 एवम राज्य की 40 प्रतिशत हो चुकी हैं। अब नए कानून में रोजगार की कोई गारंटी दिख नही रही हैं।

पुखराज पाराशर पूर्व अध्यक्ष जन अभियोग निराकरण समिति, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, उम सिंह राठौड, जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, संगठन महासचिव वीरेंद्र जोशी, लक्ष्मण सिंह सांखला, बसंत सुथार, रमेश सोलंकी, महेन्द्र सोनगरा उपस्थित थे।

वहीं जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से आज दोपहर 3 बजे वरिष्ठ कांग्रेस नेता शहजाद अली सैय्यद के निधन होने पर श्रदांजलि सभा का आयोजन राजीव गांधी भवन जालोर में रखा गया। समस्त कांग्रेसजन ने शहजाद अली सैय्यद की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रदांजलि दी साथ ही दो मिनट का मौन धारण कर उन्हें याद किया गया। श्रद्धांजलि सभा के पश्चात कांग्रेसजन उनके निवास स्थान पर गये एवम शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

इस अवसर पर जिला प्रभारी सुमन यादव, पुखराज पाराशर पूर्व अध्यक्ष जन अभियोग निराकरण समिति, जिलाध्यक्ष रमिला मेघवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष भवरलाल मेघवाल, आहोर कांग्रेस प्रत्याशी सरोज चौधरी, सवाराम पटेल,उम सिंह राठौड,जिला प्रवक्ता योगेंद्र सिंह कुम्पावत, संगठन महासचिव वीरेन्द्र जोशी,ब्लॉक अध्यक्ष भोमाराम मेघवाल, केलाश शर्मा,रमेश सोलंकी, लक्ष्मण सिंह सांखला, बसंत सुथार, गीताश्री मेघवाल, लाल सिंह राजपुरोहित, पीर सिंह मालपुरा, पुखराज मेघवाल निम्बला,महेन्द्र सोनगरा, जोगाराम सरगरा, सुरेश चौधरी, नवीन मेवाडा, ओमप्रकाश चौधरी सहित तमाम कांग्रेसजन उपस्थित थे।

